दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 05 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 129

महत्वपूर्ण एवं खास

दिल्ली में सीआरपीएफ अफसर ने की आत्महत्या

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक अस्सिटेंट सब-इंस्पेक्टर ने राष्ट्रीय राजधानी में कथित तौर पर अपनी सर्विस गन से खुद को गोली मार ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार शाम करीब चार बजे की है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय राजबीर सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, उन्हें इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक के आवास पर तैनात किया गया था। अधिकारी ने कहा, कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और आज पोस्टमॉर्टम किया जाएगा, इसके बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा।

डीआर थापा सिक्किम में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा ने सिक्किम के प्रदेश संगठन और विधायक दल में फेरबदल करते हुए डीआर थापा को सिक्किम भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी आलाकमान ने एनके सुब्बा को सिक्किम विधान सभा में अपने विधायक दल का नया नेता बनाया है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरूण सिंह ने इन नियुक्तियों को लेकर जारी पत्र में बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डीआर थापा को सिक्किम का प्रदेश अध्यक्ष, एनके सुब्बा को सिक्किम भाजपा विधायक दल का नेता और डीटी लेप्चा को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है।

2019 जामिया हिंसा मामले में शरजील इमाम बरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। 2019 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में हुई हिंसा की घटनाओं से संबंधित एक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र शरजील इमाम और सह-आरोपी आसिफ इकबाल तन्हा को आरोपमुक्त कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प के बाद हिंसा भडक़ गई थी। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुल वर्मा ने आदेश पारित किया। इमाम और तन्हा दोनों पर दंगा और गैरकानूनी असेंबली से संबंधित भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने मोहम्मद इलियास नाम के सह-अभियुक्तों में से एक के खिलाफ गैरकानूनी असेंबली और दंगा करने के आरोप तय किए। हालांकि इमाम को अभी भी जेल में रहना होगा, क्योंकि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के मामले से संबंधित साजिश मामले में वह अरोपी है।

मणिपुर के उखरूल में 4.0 तीव्रता का भूकंप

इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर के उखरूल जिले में शनिवार सुबह रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप सुबह 6 बजकर 14 मिनट पर 10 किलोमीटर की गहराई में आया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले शुक्रवार रात पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ हिस्सों में 3.2 की तीव्रता का भूकंप आया था। देश में भूकंप गतिविधि की निगरानी के लिए नोडल एजेंसी ने कहा कि शामली में भूकंप रात 9.31 बजे आया।

अयोध्या राम मंदिर उड़ाने की धमकी

एनआईए टीम ने पीएफआई से जुड़े सरगना समेत आठ लोगों को लिया हिरासत में

मोतिहारी (आरएनएस)। बिहार के मोतिहारी में एनआईए की छापेमारी की सूचना है। एनआईए टीम ने पीएफआई से जुड़े 8 लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ जारी है। इनमें पीएफआई सरगना रियाज मारूफ भी शामिल है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर को उड़ाने की साजिश के मामले में की गई है। अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

हालांकि, बिहार पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने 3 लोगों को एनआईए द्वारा उठाए जाने पुष्टि की है। इनको बिहार पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संयुक्त पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

बता दें कि विगत 31 जनवरी को

नेपाल के जनकपुर धाम के गंडकी नदी से चली शालिग्राम शिला (पत्थर) को पूर्वी चंपारण के रास्ते अयोध्या ले जाया गया। पूर्वी चंपारण के चकिया होकर शालिग्राम के गुजरते समय सोशल मीडिया, फेसबुक पर वीडियो कॉल कर बदला लेने का वीडियो सामने आया था। इसमें 'अयोध्या में बाबरी मस्जिद नहीं, तो श्रीराम मंदिर भी नहीं' होने की बात कहते हुए श्रीराम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी गयी थी।

इसके बाद बीती रात एनआईए पटना की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग छापेमारी की। हालांकि। मोतिहारी पुलिस के वरीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, सूचना है कि बीती रात हुई छापामारी में आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में पीएफआई का सरगना रेयाज मारूफ भी शामिल है। पिछले दिनों पटना के फुलवारी शरीफ में पीएफआई के ट्रेनिंग सेंटर चलाने के खुलासा में रेयाज मारूफ का नाम आया था। इसके बाद एनआईए की पटना लखनऊ और दिल्ली की टीम ने चकिया के कुंअवा गांव में छापामारी की थी, लेकिन रेयाज मारूफ हत्थे नहीं आया था।

बीती रात हुई छापामारी में सरगना रेयाज मारूफ के हिरासत में भी लेने की सूचना है। लेकिन, कौन-कौन इस कार्रवाई में हिरासत में लिये गये हैं इसकी पुष्टि होने के बाद ही स्पष्ट को पायेगा। बहरहाल, चकिया और मेहसी थाना क्षेत्र के गांवों छापेमारी होने की जानकारी मिल रही है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस

निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने कोर्ट में किया सरेंडर, पुन: जेल गईं

रांची (आरएनएस)। मनरेगा एवं माइनिंग घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने अदालत से मिली अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट से सशर्त अंतरिम जमानत मिलने के बाद बीते 4 जनवरी को पूजा सिंघल तकरीबन 8 माह बाद जेल से बाहर आई थीं। बेटी के इलाज के लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट से एक माह के लिए सशर्त जमानत प्रदान की गई थी। इस दौरान उन्हें झारखंड से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने ईडी की अदालत में पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू में डीसी रहते हुए पूजा सिंघल के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक आए थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं।

ईडी ने पिछले साल 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास, उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। इसके बाद 11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने 20वीं मंजिल से लगाई छलांग, महिला मित्र से पूछताछ

नोएडा (आरएनएस)। थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में सेक्टर-168 स्थित गोल्डन पाम सोसायटी में अपनी महिला मित्र के साथ रहने आये 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने शुक्रवार देर रात 20वी मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एक्सप्रेस-वे कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया। इस मामले में मृतक के महिला मित्र से पूछताछ की जा रही है। थाना एक्सप्रेस वे प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि नमन मदान पुत्र अनिल मदान निवासी सेक्टर-15 सोनीपत, वीवान कंपनी बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। सोसायटी में किराए पर फ्लैट लिया था और अपनी महिला मित्र के साथ बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे ओ

टावर के स्टूडियो अपॉर्टमेंट में रुकने के लिए आए थे और शुक्रवार की रात को नमन मदान ने उस कमरे की 20वी मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसने खुदकुशी क्यों की यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका है कि युवती से किसी विवाद के बाद युवक ने खुदकुशी की है। पुलिस युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी का कहना है कि प्रारम्भिक पूछताछ से पता चला है कि महिला मित्र भी सोनीपत की रहने वाली है। दोनो बैचमेट हैं। नमन मदान के परिवार वालों को सूचित कर दिया है। पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है।

पन्ना में 21 फरवरी से शुरू होगी 217 हीरों की नीलामी

पन्ना (आरएनएस)। बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना शहर में हीरों का बाजार सजने वाला है। दरअसल यहां की उथली खदानों से निकले 217 नग हीरों की 21 से 23 फरवरी तक सयुंक्त कलेक्ट्रेट परिसर में नीलामी आयोजित की जाएगी। इस नीलामी में देश भर से हीरा व्यापारी हिस्सा लेंगे।

हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए के 217 नग छोटे बड़े हीरे इस नीलामी में रखे जायेंगे। इन में 15 बड़े हीरों पर व्यापारियों का सबसे ज्यादा फोकस रहेगा, क्योंकि नीलामी में इनकी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। इनमें 11.88 कैरेट का सबसे बड़ा हीरा है। उसके

बाद 9.64 कैरेट, 6.44 कैरेट, 6.29 कैरेट, 5.70 कैरेट के हीरा शामिल हैं। इसके अलावा 5.29, 5.23, 3.23, 1.50, 1.73, 2.46, 2.13, 1.60, 1.51, 1.23 कैरेट के हीरे नीलामी में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

पन्ना में वैसे हर तीन माह के अंतराल में हीरा नीलामी आयोजित की जाती रही है, लेकिन इस बार करीब चार माह बाद हीरों की नीलामी हो रही है। इसका मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय मार्केट में गिरावट बताई जा रही है।

नीलामी में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश सहित पन्ना नगर के स्थानीय हीरा व्यापारी शामिल होते हैं। हीरा खरीदने वाले व्यापारी को पहले पांच हजार रुपए की अमानत राशि जमा करनी होती है, जिसके बाद वह नीलामी में भाग ले सकता है। हीरा खरीदने पर 20 प्रतिशत की राशि तुरंत जमा कराई जाती है, शेष 30 दिन के अंदर जमा किए जाने पर संबंधित व्यापारी को हीरा दिया जाता है।

अंधविश्वास : 3 महीने की बच्ची को 51 बार गर्म सलाखों से दागा! तड़प-तड़प कर मासूम ने तोड़ा दम

शहडोल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में अंधविश्वास के चक्कर में 3 महीने की बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आदिवासी बहुल शहडोल जिले में निमोनिया से पीड़ित बच्ची को ठीक करने के लिए अंधविश्वास के चक्कर में उसके पेट में 51 बार गर्म सलाखों से दागा गया। इससे बच्ची की हालत और खराब हो गई। बाद में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान बच्ची ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया।

शहडोल जिले के सिंहपुर कठौतिया की 3 महीने की बच्ची को निमोनिया की वजह से सांस लेने में दिक्कत थी। अंधविश्वास की वजह से परिजन उसे किसी झोलाछाप इलाज कराने के पास लेकर गए। उसके पास बच्ची की मर्ज की

दवा थी गर्म सलाखें। बच्ची को एक बार या दो बार नहीं, बल्कि 51 बार दागा गया। इससे बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। ऐसे में परिवार के लोग उसे शहडोल मेडिकल कॉलेज में लेकर गए, लेकिन सांसों की डोर टूट गई। बच्ची को नहीं बचाया जा सका।

इस बारे में डॉ. हितेष वाजपेयी (चिकित्सक व प्रवक्ता बीजेपी) ने कहा कि निमोनिया से इंडयूस नहीं होता, लेकिन सेकेंडरी इंफेक्शन के बहुत चांस होते हैं। आदिवासी बहुल इलाकों में झाड़फूंक और दागने की कुप्रथा है। जहां की घटना है, वहां सीएमएचओ से आग्रह करना चाहूंगा कि केस दर्ज करके कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

मडानार-पेरमापाल में 10 किलो का आईईडी बरामद

कोण्डागांव (आरएनएस)। जिले के नक्सल प्रभावित बयानार थाना क्षेत्र अंतर्गत बयानार से पेरमापाल के निर्माणाधीन सडक़ में मडानार एवं पेरमापाल के बीच आईडी लगाने की सूचना मिली थी। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बम डिस्पोजल टीम एवं थाना बयानार की फोर्स को आईईडी लगने के संभावित स्थानों पर डिमाइनिंग करने आदेश दिया गया। आज 04 फरवरी को बम डिस्पोजल टीम द्वारा डिमाइनिंग के दौरान बयानार से पेरमापाल जाने के रास्ते में डोकरी घाट के पास सडक़ पर 10 किलो का जिंदा आईईडी लगा हुआ मिला। नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाया गया था। जिसे बम डिस्पोजल टीम एवं पुलिस फोर्स द्वारा सावधानी पूर्वक मौके पर ही विस्फोट कर नष्ट दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट को मिले पांच नए जज

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट को पांच नए जज मिल गए हैं। ये पांच नए जज हैं राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पंकज मित्तल, पटना हाईकोर्ट के सीजे जस्टिस संजय करोल, मणिपुर हाईकोर्ट के सीजे जस्टिस पीवी संजय कुमार, पटना हाईकोर्ट के जज जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस मनोज मिश्रा। संभावना है कि ये सभी सोमवार को शपथ ग्रहण कर सकते हैं। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 32 हो गई है, शेष दो सिफारिशों पर अगले सप्ताह नियुक्तियां हो सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत के कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी देने में देरी पर केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक और न्यायिक दोनों तरह की कार्रवाई हो सकती है, जो सुखद नहीं हो सकती है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों पर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है।

चिली के जंगलों में आग से 13 लोगों की मौत, 35 हजार एकड़ जंगल खाक- राष्ट्रीय आपदा घोषित

नई दिल्ली। दक्षिणी अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग लगने की खबर है। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई है। वहीं आग के कारण करीब 35 हजार एकड़ इलाका जलकर खाक हो गया है। हालात को देखते हुए चिली की सरकार ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है। जंगलों में लगी इस भयंकर आग के चलते पूरे देश में गर्म हवाएं चल रही हैं। राजधानी सेंटियागो से करीब 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बायोबियो इलाके के शहर सेंटा जुआना में ही एक फायरफाइटर समेत 11 लोगों की मौत हुई है।

चिली के दक्षिणी इलाके ला अरोकेनिया में राहत और बचाव कार्य में जुटे एक हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से एक पायलट और एक मैकेनिक की मौत की भी खबर है। सरकार ने बायोबियो और नुबल इलाके में आपदा घोषित कर दी है, जिसके बाद इलाके में सेना और अन्य संसाधनों की तैनाती कर दी गई है। चिली के करीब 12 इलाकों में जंगल में आग लगी है और इसमें अभी तक सैंकड़ों घर तबाह हो चुके हैं। चिली के आंतरिक मामलों की मंत्री कैरोलिना तोहा ने बताया कि आने वाले दिनों में हालात और भी खराब हो सकते हैं।

वहीं राष्ट्रपति गैब्रिएल बोरिक भी अपनी छुट्टियों को समय से पहले खत्म कर बायोबियो और नुबल पहुंच गए हैं और हालात पर नजर रखे हुए हैं। बता दें कि इन दोनों इलाकों में करीब 20 लोगों की आबादी रहती है। प्रभावित लोगों को शरणार्थी शिविरों में भेजा गया है।

राष्ट्रपति ने आशंका जाहिर की कई जगह जानबूझकर आग लगाई गई है। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि चिली के इस इलाके में तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे आने वाले दिनों में हालात और भी ज्यादा खराब हो सकते हैं।

भारतीय सेना ने किया 'अग्निवीर' भर्ती प्रक्रिया में बदलाव, अब देनी होगी ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना ने अहम फैसला लेते हुए 'अग्निवीर' भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया है। बदलाव के तहत सेना में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को अब पहले ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) देनी होगी। इसके बाद उम्मीदवारों को शारीरिक रूप से चुस्त दुरुस्त होने (फिजिकल फिटनेस) संबंधी परीक्षण और मेडिकल जांच से गुजरना होगा।

एक सूत्र ने कहा कि पहला ऑनलाइन सीईई अप्रैल आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन देश

भर में लगभग 200 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा और इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सूत्रों का कहना है इस प्रक्रिया से चयन के दौरान काफी मदद मिलेगी। सूत्रों ने कहा, इस प्रक्रिया की मदद से देश भर में व्यापक पहुंच होगी और भर्ती रैलियों के दौरान देखी जाने वाली बड़ी भीड़ को भी कम किया जाएगा।

नई भर्ती प्रक्रिया के चरण

- पहला चरण ऑनलाइन कॉमन लिखित परीक्षा
- दूसरा चरण फिजिकल टेस्ट व मेडिकल टेस्ट। लिखत परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ही इसमें बुलाया जाएगा।
- तीसरा चरण मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी।
- चौथा चरण आर्म्स एंड सर्विस का आवंटन होगा।
- पांचवां चरण डॉक्यूमेंटेशन होंगा।
- छठा चरण ट्रेनिंग सेंटर पर रिपोर्टिंग।
- आर्मी का कहना है कि इस बदलाव से रैली में अभ्यर्थियों की तादाद कम होगी और वहां की व्यवस्था बेहतर ढंग से हो सकेगी।